दिनांक : 22.08.2024 समय : 07.10

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोलेण्ड में शिष्टमंडल स्तर की बैठक में लिया हिस्सा।
- मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को 115 करोड़ रूपये का दिया बोनस।
- राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रदेश में कल कई कार्यकमों का होगा आयोजन।
- प्रदेश में जन्माष्टमी का पर्व को भव्य स्तर पर मनाने के लिए जारी किये गये दिशानिर्देश।

**प्रधानमंत्री पोलैंड दौरा**

भारत और पोलैंड ने द्विपक्षीय संबंधों को कार्यनीतिक संबंधों में बदलने का निर्णय किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वॉरसा में पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ शिष्टमंडल स्तर की बातचीत के बाद जारी प्रेस वक्तव्य में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दोनों देश कूटनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड के संबंध लोकतंत्र और कानून के शासन के साझा मूल्यों पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लोगए 2022 में यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारतीय विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकालने में पोलैंड की सहायता को कभी नहीं भूल सकते।

श्री मोदी ने कहा कि भारत और पोलैंड अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर घनिष्ठ सहयोग करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता महसूस करते हैं। श्री मोदी ने पोलैंड की कंपनियों को आमंत्रित किया कि वे भारत के मेक इन इंडिया कार्यक्रम में निवेश करें और विश्व के लिए विनिर्माण करें।

**शिवराज.लखपति**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नई सरकार के गठन के पहले सौ दिनों के अंदर 11 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन गई हैं। नई दिल्ली में श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में एक कार्यक्रम में इन महिलाओं को प्रमाण पत्र सौंपेंगे। करीब एक लाख दीदी इस समारोह में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रमाण पत्र सौंपे जाएंगे। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री इस अवसर

पर ढाई हजार करोड रूपए का कोष स्वयं सहायता समूहों को जारी करेंगे। इस धनराशि से चार लाख स्वयं सहायता समूहों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री पांच हजार करोड रूपए का ऋण भी इन समूहों को जारी करेंगे। देशभर से करीब 50 लाख दीदी इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगी। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में तीन करोड लखपति दीदी का महत्वकांक्षी लक्ष्य तय किया है।

## तेदूपत्ता लाभांश–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज श्योपुर जिले के आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में 36 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2023 के तेदूपत्ता संग्रहण के लाभांश के तौर पर 115 करोड़ रुपए का अंतरण किया। ग्वालियर एवं शिवपुरी वनवृतो के श्योपुर वन मंडल सहित कुल 6 वन मंडलो की 89 लघु वनोपज समितियों के 52 हजार 305 संग्राहकों को बोनस राशि का वितरण किया किया। डॉ. यादव कार्यक्रम के दौरान 38 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाली प्राथमिक समितियों के प्रबंधकों के वेतन में बढ़ौतरी करने की भी घोषणा की है।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

प्रदेश के स्कूलों में कल राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जायेगा। इस मौके पर सभी स्कूलों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त, 2023 को चन्द्रयान–3 की सफलता के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष इस दिन को अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। प्रदेश में स्कूलों एवं शिक्षण–प्रशिक्षण संस्थानों में अंतरिक्ष विज्ञान पर केन्द्रित सम्मेलन, कार्यशाला और प्रदर्शनी आयोजित की जायेंगी। भोपाल के आंचलिक विज्ञान केन्द्र में कल डॉक्टर मयंक वाहिया भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर व्याख्यान देंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की तरफ प्रेरित करना और उनकी जागरूकता के अनुसार उनके समाधान बताना रहेगा। इस वर्ष अंतरिक्ष दिवस का विषय ''चन्द्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा'' रखा गया है। वहीं सीहोर में आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## राष्ट्रपति विज्ञान पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में वैज्ञानिकों को वर्ष 2024 के राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों से सम्मानित किया। प्रोफेसर गोविंद राजन पदमनाभन को वर्ष 2024 के विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री सम्मान डॉ **आनन्दरामकृष्णन** को प्रदान किया गया। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में यह सम्मान भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुम्बई के डॉ अवेश कुमार त्यागी को दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के प्रोफेसर विशाल राय एवं प्रोफेसर आर. महालक्ष्मी को रसायन एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 षविज्ञान युवा-शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार" से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र

में इन दोनों वैज्ञानिकों ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। दोनों वैज्ञानिकों को मिले इस सम्मान से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश गौरवान्वित हुआ है।

छतरपुर कार्रवाई

छतरपुर कोतवाली में कल पुलिस दल हुए पथराव और हमले पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों के बंगला घर के अवैध हिस्सों को ढहा दिया गया। कल छतरपुर कोतवाली में ज्ञापन देने पहुंचे कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव और हमला कर दिया था जिससे थाना प्रभारी अरविंद कुजूर एवं दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद आज अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। छतरपुर पुलिस अधीक्षक आगम जैन के निर्देश पर मुख्य आरोपी के अवैध रूप से बने मकान को बुलडोजर से ढहा दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

जन्माष्टमी

प्रदेश में आगामी 26 अगस्त 2024 को जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जन्माष्टमी पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों और उनसे जुड़े स्थलों पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये हैं। प्रत्येक जिले में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों की साफ-सफाई कार्य एवं सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन के साथ भारतीय सांस्कृतिक परम्पराओंए योग आदि पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्वानों के व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी शासकीय/अशासकीय स्कूल/कॉलेज में आयोजित कराये जाएंगे।

**नीरज डायमंड लीग**

दो बार के ओलिम्पिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा आज रात स्विट्जरलैंड में प्रतिष्ठित लुसाने डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेंगे। 26 वर्षीय नीरज चोपडा पेरिस ओलिम्पिक 2024 में रजत पदक जीतने के बाद इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

पेरिस ओलिम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम इस आयोजन में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स और तोक्यो

ओलिम्पिक के रजत पदक विजेता जैकब वडलेज भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

अब कुछ **समाचार संक्षेप** में .....

- रतलाम जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 64 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शासन के जल निगम द्वारा रतलाम जिले में गांधी सागरए माही तथा मझोडिया जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का कार्य प्रगति पर है।
- शिवपुरी जिले में पीएम जनमन योजना के तहत हितग्राहियों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 33000 से अधिक नवीन आधार कार्ड और आधार अपडेशन का कार्य किया गया है।
- अनूपपुर जिले में रेलवे के जनरल मैनेजर ने आज भारत सरकार की अमृत भारत योजना के तहत चुने गए बिजुरी रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया ।
- नर्मदापुरम में आरटीओ जांच दल द्वारा जिले के सभी स्कूलों में संचालित वाहनों की जांच की जा रही है। इसके तहत कल 35 बसों पर आरटीओ ने 18 हजार रुपये का चालान किया।
- अशोकनगर में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 30 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। जिसमें बेरोजगारों युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- आगरमालवा कृषि उपज मंडी शनिवार 24 अगस्त से आगामी तीन दिवस के लिए बंद रहेगी। उक्त अवधि में मंडी प्रांगण में कृषकों की उपज की नीलामी नहीं की जाएगी।

................